तेरे दीवाने आये है

माँ आज तू रखना लाज तेरे दीवाने आये है,
मस्ती में तेरी झूम के ये दीवाने आये है,
माँ आज तू रखना लाज तेरे दीवाने आये है,

तू है ममता का सागर,जो मांगे वो मिलता है तेरे दर,
तुज्को मनाने आज तेरे परवाने आये है,
माँ आज तू रखना लाज तेरे दीवाने आये है

तेरे द्वारे जो भी आये वो खाली कभी न जाए,
अपने दुखो को अज तुझे बतलाने आये है
माँ आज तू रखना लाज तेरे दीवाने आये है

तू सब के बिगड़ी बनाये,जो मैया तेरे दर आये,
सब की सुने तू और हम भी सुनाने आये है,
माँ आज तू रखना लाज तेरे दीवाने आये है

हे जग जन नी महारानी,जरा सुन लो अर्ज हमारी,
तुम्हरे चरण में सिर अपना झुकाने आये है,
माँ आज तू रखना लाज तेरे दीवाने आये है

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12262/title/tere-diwane-aaye-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |